Ei CARES

Hindi

# QUESTION PAPER

## PERIODIC TEST

| CLASS | SECTION | EXAM CODE |
|---|---|---|
| 5 | ROSE | 4202971 |
| 5 | TULIP | 4202981 |

SCHOOL

Him Academy Public School - Hira Nagar

1. There are 20 questions in the paper. All are compulsory.
2.Darken the circle of your answer completely using a pencil. Do NOT tick or circle the options.
3. Show your working on a separate sheet of paper wherever you need to.
4. Please check your answers carefully before submitting the test. Once submitted, the answers CANNOT be changed.

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

गाँव में मीरा नाम की एक छोटी लड़की रहती थी। उसे चाँद देखना बहुत अच्छा लगता था। हर रात वह खिड़की से चाँद को देखती और उससे बातें करती। वह चाँद को अपना अच्छा दोस्त मानती थी।

एक रात मीरा ने सपना देखा कि चाँद उसे जादुई दुनिया में ले गया। वहाँ वह तारों के साथ खेली, बादलों पर कूदी और चाँदनी से भरी झील में तैरी। वह बहुत खुश हुई।

सुबह जब मीरा जागी तो उसे समझ आया कि यह सिर्फ़ एक सपना था। जब भी वह चाँद को देखती मुसकरा देती। उसे एहसास हुआ कि सपनों में भी दोस्त बनाए जा सकते हैं।



स्रोत (संपादित) - 'चाँद से दोस्ती'

Q: 1 मीरा चाँद को ____________ से देखती थी।

खाली स्थान के लिए उचित शब्द चुनिए।

1 खिड़की 2 दरवाज़े 3 बगीचे 4 छत

Q: 2 मीरा को कहानी के अंत में क्या एहसास हुआ?

1 सपने सच हो सकते हैं।
2 चाँद आसमान में चमकता है।
3 सुबह जल्दी उठना अच्छा होता है।
4 सपनों में भी दोस्त बनाए जा सकते हैं।

Q: 3 कहानी का मुख्य उद्देश्य क्या है?

1 सपनों की दुनिया के बारे में बताना
2 चाँद के बारे में जानकारी देना
3 आसमानी दुनिया दिखाना
4 बादलों की सैर कराना

Q: 4 मीरा चाँद को देखकर ____________का भाव महसूस करती थी।
खाली स्थान के लिए उचित शब्द चुनिए।

1 उदासी  2 मित्रता  3 गुस्से  4 डर

Q: 5 मीरा ने जादुई दुनिया में क्या किया?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | तारों के साथ | (i) | तैरी |
| (ख) | बादलों पर | (ii) | खेली |
| (ग) | चाँदनी झील में | (iii) | कूदी |

1 (क)-(i), (ख)-(ii), (ग)-(iii)  2 (क)-(ii), (ख)-(iii), (ग)-(i)
3 (क)-(i), (ख)-(iii), (ग)-(ii)  4 (क)-(iii), (ख)-(i), (ग)-(ii)

End of Passage Related Questions

Q: 6 यहाँ से ______ बहुत सुंदर दिख रहा है।

खाली स्थान के लिए जातिवाचक संज्ञा पहचानिए।

1 केदारनाथ  2 हिमालय  3 जयपुर  4 महल

Q: 7 चित्र के लिए सही व्यक्तिवाचक संज्ञा चुनिए।



1 सुंदर  2 लड़की  3 वंशिका  4 होनहार

Q: 8 निम्नलिखित में से कौन-सी भाववाचक संज्ञा है?

1 पशु 2 सोना 3 पर्वत 4 कठिनाई

Q: 9 खाली जगह के लिए सही उत्तर चुनकर चित्र का नाम पूरा कीजिए।





| | |
|---|---|
| प | |
| पी | |
| ता | ______ |

1 रा 2 गा 3 ला 4 मा

Q: 10



यह मेरा ____________ है।

खाली जगह के लिए चित्र का नाम पहचानिए।

1 उपवन 2 महल 3 पेड़ 4 घर

Q: 11 करन : सुनो!
बरखा : कुछ कहो तो सही।

इस संवाद में भाषा का रूप पहचानिए।

1 लिखित 2 मौखिक 3 सांकेतिक 4 चित्रात्मक

Q: 12 शिक्षक : भाषा के कितने रूप हैं?
छात्र : ____________।

छात्र के लिए सही विकल्प चुनिए।

1 एक 2 दो 3 तीन 4 चार

Q: 13 वेद संस्कृत में लिखे गए और उन्हें ______ लिपि में लिखा गया है।

खाली स्थान के लिए उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 देवनागरी
2 गुरुमुखी
3 फ़ारसी
4 रोमन

Q: 14 इनमें से लिखित भाषा के लिए किसकी/किनकी ज़रूरत होगी?


(A)


(B)


(C)


(D)

1 केवल (A)
2 केवल (D)
3 केवल (A), (B)
4 केवल (C), (D)

Q: 15 किस विकल्प में मौखिक भाषा के दोनों रूप हैं?


(क)


(ख)


(ग)

1 केवल (क)
2 केवल (ख)
3 केवल (क) और (ग)
4 (क), (ख), (ग) तीनों

Q: 16 माँ ने बताया कि ____________ भैंस का दूध निकाल रहा है।

खाली स्थान के लिए सही शब्द चुनिए।

1 चाची
2 ग्वाला
3 धोबिन
4 गुड़िया

Q: 17 'गायक' का स्त्रीलिंग क्या होगा?

1 गाईका
2 गायकी
3 गायिका
4 गायकाइन

Q: 18 बहुवचन वाला चित्र पहचानिए।



(A) (B) (C) (D)

1 A

2 B

3 C

4 D

Q: 19 दीवाली पर हमने सभी __________ साफ़ किए।

खाली स्थान के लिए सही शब्द चुनिए।

1 पंखे

2 पंखा

3 पंखायों

4 पंखाओं

Q: 20 <u>अध्यापक</u> और __________ दोनों आ गए।

खाली स्थान के लिए रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग पहचानिए।

1 अध्यापिका

2 अध्यापिकाए

3 अध्यापिकाएँ

4 अध्यापिकाओं

End of Questions in Paper

**This page has no questions and is left blank intentionally.**

**This page has no questions and is left blank intentionally.**